बरेली, गुरुवार
23 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO : I TOP

टूर्नामेंट : एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह आठ बजे से।

PAGE NO : IV MIDDLE

एसआर इंटरनेशनल और विद्या वर्ल्ड सेमीफाइनल में

- विद्या वर्ल्ड ने 199 रन बनाकर जीपीएम को 15.5 ओवर में 68 रन पर किया आल आउट
- तीन विकेट लेने वाले एसआर इंटरनेशनल के गेंदबाज अक्षत को चुना मैन आफ द मैच

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी ● सौ. आयोजक

जासं, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात के आठवें दिन बुधवार को एसआर इंटरनेशनल और नेशनल पब्लिक स्कूल के बीच पहला और गिरीश प्रसाद मेमोरियल (जीपीएम) और विद्या वर्ल्ड के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच हुआ। पहले क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल ने नेशनल पब्लिक स्कूल को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में जीपीएम को 131 रन से हराकर विद्या वर्ल्ड की टीम ने सेमीफाइनल के लिए स्थान सुरक्षित किया।

एसआरएमएस स्टेडियम में पहले क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल स्कूल के कप्तान अभिमन्यु श्रीवास्तव ने टास जीत कर नेशनल पब्लिक स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एसआर की गेंदबाजी के आगे नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम 9.4 ओवर में 66 रन ही बना सकी। एसआर की ओर से शिवांश गंगवार और अक्षत ने 3-3 विकेट लेकर नेशनल की टीम को बिखेरने में भूमिका निभाई। एसआर की टीम ने 8.3 ओवर में जीत का हासिल की। टीम को जीत के लक्ष्य तक पहुंचाने में अभिमन्यु (16 रन, 16 गेंद, 2 चौके), शौर्य (14 रन, 12 गेंद, 2 चौके) और अरहान यादव (15 रन, 8 गेंद, 3 चौके) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीन ओवर में नेशनल स्कूल के तीन विकेट लेने वाले एसआर इंटरनेशनल के गेंदबाज अक्षत को मैन आफ द मैच चुना।

15.5 ओवर में सिर्फ 68 रन बना सकी जीपीएम की टीम : टूर्नामेंट के 16वें और दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच विद्या वर्ल्ड और जीपीएम की टीमों के बीच खेला गया। इसमें विद्या वर्ल्ड के कप्तान अभिमन्यु आवला ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 19.1 ओवर में सारे विकेट खोकर 199 रन बनाए। इसमें अंकित नागर (25 रन, 16 गेंद, एक चौका, दो छक्के), अभय सक्सेना (72 रन, 38 गेंद, 11 चौके, 2 छक्के), लक्की चौधरी (25 रन, 16 गेंद, 3 चौके), शिवांश मिश्रा (27 रन, 14 गेंद, 4 चौके) और अतिरिक्त के रूप में मिले 26 रनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जीपीएम की टीम 15.5 ओवर में 68 रन ही बना सकी। चार ओवर में 15 रन देकर जीपीएम के छह खिलाड़ियों को आउट करने वाले विद्या वर्ल्ड के शिवांश श्रीवास्तव को मैन आफ द मैच चुना। आयोजन समिति के सचिव डा. शोभित सक्सेना और उप सचिव इंजीनियर निपुण पांडेय, मनीष सिंह ने मैन आफ द मैच को ट्राफी प्रदान की।